Email Id :- dhn.suppo@gmail.com
dhnadms@gmail.com

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, धनबाद ।

(आपूर्ति शाखा)

पत्रांक 33 /आ०

प्रेषक,

विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी,
धनबाद।

सेवा में,

अपर समाहर्त्ता–सह–
जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी,
धनबाद।

धनबाद/दिनांक ....8...... जनवरी, 2025

विषय :– **ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त DGRO Com. ID- 11210244400001, 11210242000001 एवं 11210243600002 पर समुचित कार्रवाई करने के सम्बन्ध में।**

प्रसंग :– आपका पत्रांक 3605/रा० दिनांक 03.12.2024 ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के माध्यम से प्राप्त तीन आवेदनों के संबंध में प्रतिवेदन निम्न प्रकार है :–

1. DGRO Com. ID- 11210244400001 रेशमी कुमारी, दरिदा, पो0–झगराही, थाना–बरोरा, धनबाद झारखण्ड के द्वारा राशन कार्ड के संबंध में शिकायत किया गया है। इस संबंध में कहना है कि शिकायतकर्ता के नाम से राशन कार्ड संख्या 202006496501 बना हुआ था जो तत्कालीन पणन पदाधिकारी के अनुशंसा पर दिनांक 08.08.2021 को डिलीट हुआ है। शिकायतकर्ता यदि चाहे तो नया राशन कार्ड हेतु पुनः ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।
2. DGRO Com. ID- 11210242000001 कविता कुमारी, ग्राम–मनियाडीह, पो0–मनियाडीह, प्रखण्ड–टुण्डी के द्वारा राशन कार्ड बनाने हेतु शिकायत किया गया है। उल्लेखनीय है कि शिकायकर्ता के नाम से राशन कार्ड संख्या 202801165330 बन गया है (राशन कार्ड की ऑनलाईन प्रति संलग्न)।
3. DGRO Com. ID- 11210243600002 सुभाशिनी मराण्डी, रतनपुर, बरबेंदिया, पलारपुर, निरसा धनबाद के द्वारा राशन कार्ड बनाने हेतु शिकायत किया गया है। उल्लेखनीय है कि शिकायकर्ता के नाम से राशन कार्ड संख्या 202801073878 बन गया है (राशन कार्ड की ऑनलाईन प्रति संलग्न)।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुलग्नक :– यथोक्त।

विश्वासभाजन

8/1/25

विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी,
धनबाद।